हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 29 अगस्त 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

- हरियाणा सरकार ने चार इंटीग्रेटेड वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए।
- मुख्यमंत्री ने कहा- इन संयंत्रों के संचालन से प्रतिदिन 5 हजार टन कचरे से 50 मेगावाट ऊर्जा का उत्पादन होगा।
- इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने सीएनजी की कीमत में तीन रुपये 89 पैसे प्रति किलोग्राम की वृद्धि की।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नूंह मे एक कार्यक्रम के दौरान मेवात कैडर के 1054 नव-नियुक्त प्राथमिक शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपे।
- आज राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को पुष्पांजलि अर्पित की गई, हरियाणा मे कई जगह खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

-------------------------

हरियाणा सरकार ने आज नूंह में चार इंटीग्रेटेड वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। हिसार, अंबाला, फरीदाबाद और गुरुग्राम क्लस्टर में स्थापित होने वाले इन संयंत्रों में संचालन शुरू होने पर प्रतिदिन कुल 5 हजार टन कचरे का वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण किया जाएगा और इससे कुल 50 मेगावाट ऊर्जा का उत्पादन होगा।इन संयंत्रों के अक्तूबर 2028 तक शुरू होने की उम्मीद है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इन संयंत्रों की स्थापना ऑयल ग्रीन एनर्जी लिमिटेड द्वारा की जाएगी, जो ऑयल इंडिया लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी हरियाणा

के शहरी विकास को नई ऊर्जा देने के साथ-साथ प्रदेश में कचरा प्रबंधन के तौर-तरीकों में भी बड़ा बदलाव लाएगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पहला इंटीग्रेटेड वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट हिसार क्लस्टर में स्थापित किया जाएगा। इसमें हिसार, हांसी, फतेहाबाद और जींद जिलों के शहरी स्थानीय निकाय शामिल होंगे। इस संयंत्र में प्रतिदिन 500 टन कचरे का प्रसंस्करण किया जाएगा और इससे न्यूनतम 5 मेगावाट ऊर्जा उत्पादन होने की उम्मीद है।

दूसरा प्लांट अंबाला क्लस्टर में स्थापित किया जाएगा, जिसमें अंबाला, यमुनानगर और पंचकूला जिलों के शहरी स्थानीय निकाय शामिल होंगे। यहां प्रतिदिन 900 टन कचरे का प्रसंस्करण किया जाएगा और न्यूनतम 9 मेगावाट ऊर्जा उत्पादन अपेक्षित है।इसी तरह तीसरा प्लांट फरीदाबाद क्लस्टर में स्थापित होगा, जिसमें प्रतिदिन 1,600 टन कचरे का प्रसंस्करण किया जाएगा और इससे न्यूनतम 16 मेगावाट ऊर्जा उत्पादन की उम्मीद है। चौथा संयंत्र गुरुग्राम क्लस्टर में स्थापित किया जाएगा, जिसमें गुरुग्राम जिला शामिल होगा। यहां प्रतिदिन 2 हजार टन कचरे का प्रसंस्करण किया जाएगा और न्यूनतम 20 मेगावाट ऊर्जा उत्पादन अपेक्षित है।

----------------

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज नूंह की अनाज मंडी में आयोजित राज्य स्तरीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम के दौरान मेवात कैडर के 1054 नव-नियुक्त प्राथमिक शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नए शिक्षकों की तैनाती से क्षेत्र में शिक्षक-विद्यार्थी का अनुपात सुधरेगा और प्राथमिक शिक्षा का स्तर और अधिक मजबूत होगा।

मुख्यमंत्री ने सभी को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस की बधाई भी दी। उन्होंने नई भर्ती को युवाओं की योग्यता की जीत बताया और कहा कि पहले की सरकारों में भाई-भतीजावाद, जातपात, क्षेत्रवाद और पर्ची-खर्ची के हिसाब से नौकरी मिलती थी। बीजेपी की सरकार बनते ही बिना पर्ची-बिना खर्ची के 2 लाख से अधिक योग्य युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई हैं।

मुख्यमंत्री ने नव-नियुक्त शिक्षकों से कहा कि यह नियुक्ति उनकी वर्षों की मेहनत और परिवार के त्याग का सुखद परिणाम है और वे अब समाज की आशा हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा की मेवत जैसे क्षेत्र में जहां प्रस्थिति कठिन हो वहाँ सेवा का महत्व अधिक

होता है।

इस अवसर पर नव-नियुक्त शिक्षकों के लिए एक भव्य प्रदर्शनी आयोजित की गई। इस दौरान बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 70 प्रतिभाशाली बच्चों को 'मुख्यमंत्री मेवात छात्र प्रतिभा सम्मान योजना' के तहत 39 लाख 90 हजार रुपये की सम्मान राशि भी जारी की गई। इस दौरान हरियाणा के उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह, शिक्षा मंत्री महीपाल □ांडा, कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा भी मौजूद रहे।

----------------

राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में आज पलवल में हरियाणा स्पोर्ट्स को-ऑपरेटिव लीग

मल्टीपर्पज सोसाइटी द्वारा महासंग्राम टी 20 नॉक आउट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 16 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विजेता टीमों के खिलाडियों को ट्रॉफी और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

सोसाइटी के अध्यक्ष गोपाल दत्त शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को खेलों में आगे बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान करना है।

----------------

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर भारतीय हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को पुष्पांजलि अर्पित की।

मीडिया से बातचीत में डॉ. मांडविया ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश बदल रहा है, नए भारत का निर्माण हो रहा है।श्री मांडविया ने सभी लोगों से प्रत्येक सप्ताह कम से कम एक घंटा खेल के मैदान पर बिताने और खुद को स्वस्थ रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समृद्ध राष्ट्र के निर्माण के लिए स्वस्थ युवा और स्वस्थ समाज जरूरी है।

----------------

इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड-आईजीएल ने सीएनजी की कीमत में तीन रुपये 89 पैसे प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की है। नई दर आज सवेरे से लागू हो गई हैं। कीमत बढ़ने के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सीएनजी अब 86 रुपये 98 पैसे प्रति किलोग्राम मिलेगी। गुरुग्राम में सीएनजी की कीमत 92 रुपये एक पैसा प्रति किलो ग्राम हो गई है।

कंपनी ने कीमतों में बढ़ोतरी का कारण पश्चिम एशिया संकट के फिर से गहराने को बताया है। कंपनी के अनुसार, तनाव बढ़ने से होर्मुज जलडमरूमध्य

के रास्ते एलएनजी की आवाजाही प्रभावित हुई है। इससे वैश्विक एलएनजी कीमतें संकट से पहले के स्तर की तुलना में करीब दोगुनी हो गई हैं।

----------------

राष्ट्रीय खेल दिवस पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डूमरखां में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में डूमरखां, हमीरगढ़ के राजकीय स्कूलों और ग्राम पंचायत पीपलथा की नर्सरियों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस दौरान 12 से 22 अगस्त तक पुणे में आयोजित 16वीं जूनियर नेशनल हॉकी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल करने वाली गांव डूमरखां की खिलाड़ी अदिति को सम्मानित किया गया।

----------------

भिवानी के भीम स्टेडियम के हॉकी मैदान में भी राष्ट्रीय खेल दिवस पर लड़कों और लड़कियों की हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लडक़ों की प्रतियोगिता में भीम स्टेडियम की टीम ने बापोड़ा की टीम को दो के मुकाबले चार गोल से पराजित किया, वहीं लड़कियों की प्रतियोगिता में भी भीम स्टेडियम की टीम ने बापोड़ा की टीम को दो के मुकाबले तीन गोल से पराजित किया।

------------

भिवानी के राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को याद किया गया। समारोह के दौरान महाविद्यालय परिसर में 50 मीटर दौड़, पिठू रस्साकशी, रस्सी कूद और टेबल टेनिस सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

---------------

आज अंबाला शहर के पुलिस लाइन ग्राउंड मे, साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया।

----------------